


इतने सारे खिलाड़ी एनसीए में उबर रहे हैं। बुमराह लंबे ब्रेक के बाद वापस आया है। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी चोट के कारण ब्रेक के बाद वापसी की है। ऐसा लगता है कि लोग जबरदस्ती टीम प्रबंधन की गलती निकाल रहे हैं। -आर. अश्विन

भारतीय गेंदबाज, रोहित और विराट को एकदिवसीय में आराम देने के फैसले का बचाव करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## जियानलुइगी बुफोन



इटली के साथ विश्व कप खिताब के अलावा यूवेंटस के साथ ढेरों ट्रॉफियां जीतने वाले दिग्गज गोलकीपर जियानलुइगी बुफोन ने बुधवार को 45 साल की उम्र में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। एक समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर माने जाने वाले बुफोन का सिरी बी में पार्मा के साथ एक साल का अनुबंध बचा था। उन्होंने लगभग तीन दशक पहले पार्मा के साथ ही अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की थी। बुफोन ने अपने करियर के मुख्य अंशों को दिखाने वाले वीडियो पर इंस्टाग्राम पर लिखा, ''सफर खत्म हुआ दोस्तों। आपने मुझे सब कुछ दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल की पहली ट्रॉफी जुलियस रिमेट का डिजाइन फ्रांसीसी वास्तुकर एवेल लेफलुर ने तैयार किया था।

## भारत से 14 अक्टूबर को खेलने पर राजी पाकिस्तान, श्रीलंका से मुकाबला 10 अक्टूबर को

कराची, 2 अगस्त। भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप का बहुचर्चित मुकाबला 15 की बजाय 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगा और पीसीबी अपने दो मैचों की तारीखों में बदलाव के आईसीसी और बीसीसीआई के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। पाकिस्तानी टीम अब श्रीलंका के खिलाफ हैदराबाद में 12 अक्टूबर की बजाय 10 अक्टूबर को खेलेगी जिससे भारत के खिलाफ मैच से पहले तीन दिन का समय मिल जायेगा। नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण भारत और पाकिस्तान मैच एक दिन पहले कराया जा रहा है। आईसीसी और बीसीसीआई ने पीसीबी से उसके दो मैचों के कार्यक्रम में बदलाव के लिये संपर्क किया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद जल्दी ही संशोधित कार्यक्रम जारी करेगी क्योंकि कुछ और मैचों के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है।
पाकिस्तानी टीम का आईसीसी विश्व कप 2023 का मौजूदा कार्यक्रम इस प्रकार है।

06 अक्टूबर : बनाम नीदरलैंड, हैदराबाद
12 अक्टूबर : बनाम श्रीलंका , हैदराबाद
15 अक्टूबर : बनाम भारत, अहमदाबाद
20 अक्टूबर : बनाम आस्ट्रेलिया, बेंगलुरू
23 अक्टूबर : बनाम अफगानिस्तान, चेन्नई
27 अक्टूबर : बनाम दक्षिण अफ्रीका, चेन्नई
31 अक्टूबर : बनाम बांग्लादेश, कोलकाता
04 नवंबर : बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरू।

## भारत की संजना ने क्लीन एवं जर्क में स्वर्ण, स्नैच और कुल वजन उठाकर रजत पदक जीता

ग्रेटर नोएडा, 2 अगस्त। भारत की संजना ने बुधवार को यहां एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के महिला 76 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क में स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि कुल वजन में भी रजत पदक हासिल करने में सफल रहीं। संजना ने युवा स्पर्धा में 86 किग्रा में स्नैच में भी रजत पदक जीता। उन्होंने क्लीन एवं जर्क में 112 किग्रा का भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। उनका 198 किग्रा का कुल वजन उन्हें रजत पदक दिलाने के लिए काफी रहा। उज्बेकिस्तान की मदीना फेजुलाएवा ने स्नैच (89 किग्रा) और कुल वजन (200 किग्रा) में स्वर्ण और क्लीन एवं जर्क (111 किग्रा) में रजत पदक जीता। ईरान की असल कादखोदाई ने स्नैच (78 किग्रा), क्लीन एवं जर्क (96 किग्रा) और कुल वजन (174 किग्रा) प्रत्येक में कांस्य पदक प्राप्त किये। स्नैच, क्लीन एवं जर्क और कुल वजन में पहले तीन विजेताओं को अलग अलग पुरस्कार दिये जा रहे हैं।

## अगर भारतीय टीम हांगझोउ में नहीं जीत पाती तो ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पाकिस्तान जायेगी : टिर्की

चेन्नई, 2 अगस्त। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि राष्ट्रीय पुरुष टीम अगर 23 सितंबर से शुरु होने वाले आगामी हांगझोऊ खेलों से 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में विफल रहती है तो क्वालीफायर खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। नियमों के अनुसार एशियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम को सीधे ओलंपिक में जगह मिलेगी लेकिन अन्य देशों को क्वालीफायर खेलने होंगे और इस बार इनके आयोजन के स्थल के तौर पर पाकिस्तान और स्पेन की पहचान की गयी है। टिर्की ने बुधवार को यहां एशियाई चैम्पियंस ट्राफी की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, ''हम हांगझोउ में काम पूरा (ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना) करने की कोशिश करेंगे। लेकिन अगर किसी कारण से हम क्वालीफाई नहीं कर पाते तो क्वालीफायर के लिए कुछ स्थल (पाकिस्तान और स्पेन) निर्धारित किये गये हैं। इसलिये जहां भी ये आयोजित होंगे, हम निश्चित रूप से जायेंगे।'' पाकिस्तान जाने के लिए सरकारी मंजूरी की जरूरत होती है और यह देखना होगा कि अगर ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है कि राष्ट्रीय हॉकी टीम को क्वालीफायर खेलने के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने की जरूरत होगी तो केंद्र का रूख क्या रहता है। जब पूछा गया कि खिलाड़ी चीन के लिये रवाना होने से पहले एशियाई चैम्पियंस ट्राफी खेलकर खुद पर चोटिल होने का जोखिम उठा रहे हैं तो टिर्की ने कहा कि कोई खिलाड़ी ट्रेनिंग या अभ्यास मैचों के दौरान भी चोटिल हो सकता है। उन्होंने कहा, ''ध्यान देने वाली सबसे अहम चीज यह है कि हम प्रत्येक बड़े टूर्नामेंट से पहले अभ्यास मैच खेलते हैं। तो क्या तब चोटिल होने का डर नहीं लगा रहता? इसलिये मुझे लगता है कि हमें इस टूर्नामेंट को सकारात्मक तरीके से अभ्यास के तौर पर लेना चाहिए और यह भी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है। टिर्की ने कहा, ''अभी एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए कुछ समय बचा है। चोटें अभ्यास मैच के दौरान भी लग सकती हैं। इसलिये मुझे नहीं लगता कि हमें इससे ज्यादा परेशान नहीं होना चाहिए और अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान लगाना चाहिए। चेन्नई में 16 साल में पहली बार प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की वापसी होगी।



# विंडीज को 200 रन से रौंदकर भारत ने श्रृंखला जीती

तारोबा, 2 अगस्त। भारत के शुभमन गिल (85) की अगुवाई में बल्लेबाज़ों के शानदार प्रदर्शन के बाद मुकेश कुमार (30/3) और शार्दुल ठाकुर (37/4) की घातक गेंदबाजी की बदौलत तीसरे वनडे में वेस्ट इंडीज को 200 रन से रौंदकर तीन मैचों की शृंखला 2-1 से जीत ली है।

भारत ने मंगलवार को खेले गये मुकाबले में विंडीज के सामने 352 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कैरिबियाई टीम 151 रन पर ऑलआउट हो गयी। गिल के अलावा ईशान किशन (77), संजू सैमसन (51) और हार्दिक पांड्या (70 नाबाद) ने भी भारत के लिये अर्द्धशतक जड़े। इसके बाद मुकेश ने पावरप्ले के अंदर वेस्ट इंडीज के तीन विकेट मात्र 17 रन पर गिराकर उसकी जीत की संभावनाएं क्षीण कर दीं।

वेस्ट इंडीज के लिये गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 39 रन बनाये, हालांकि यह मेजबान टीम को जीत दिलाने के लिये नाकाफी था। शार्दुल ने भारत के लिये सर्वाधिक चार विकेट चटकाये। कुलदीप यादव ने दो विकेट लिये, जबकि जयदेव उनादकट को एक सफलता हासिल हुई।

एक बार फिर रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेलने उतरी भारतीय टीम को वेस्ट इंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया। गिल और किशन की सलामी जोड़ी ने भारत को एक और अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिये 19.4 ओवर में 143 रन की साझेदारी हुई। किशन ने इस साझेदारी में आक्रामक भूमिका निभाते हुए 64 गेंद पर आठ चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 77 रन बनाये। वह यानिक कारिया को बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में स्टंप आउट हुए।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रुतुराज गायकवाड़ बड़ा स्कोर नहीं बना सके, लेकिन इसके बाद आने वाले बल्लेबाज़ों ने निराश नहीं किया। दूसरे वनडे में असफल रहे सैमसन ने गिल के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिये 69 रन जोड़े। सैमसन ने मात्र 41 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के लगाकर 51 रन बनाये, हालांकि वह अपना अर्द्धशतक पूरा करते ही पवेलियन लौट गये।

सैमसन ने अर्द्धशतक बनाकर अपने चयन को उचित साबित किया, हालांकि सूर्यकुमार 30 गेंद पर दो चौके और दो छक्के लगाकर 35 रन ही बना सके। गिल शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन गुडाकेश मोती ने अपनी लेग स्पिन से उन्हें लंबे समय तक छकाया और अंततः 86 रन पर कैचआउट करवाया। गिल ने 92 गेंद की पारी में 11 चौके जड़े।

गिल और सूर्यकुमार के आउट होने के बाद पांड्या ने भारतीय पारी को ज़ोरदार अंत देने की ज़िम्मेदारी ली। पांड्या की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से भारत ने आखिरी पांच ओवरों में 56 रन जोड़े। कप्तान पांड्या ने खुद 52 गेंद पर चार चौकों और पांच छक्कों की बदौलत नाबाद 70 रन बनाकर अपनी पारी का अंत किया।

वेस्ट इंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने 10 ओवर में 73 रन देकर दो विकेट लिये। अल्ज़ारी जोसेफ़ (10 ओवर, 77 रन), कारिया (आठ ओवर, 58 रन) और मोती (10 ओवर, 38 रन) को एक-एक विकेट हासिल हुआ। जेडेन सील्स आठ ओवर में 75 रन देकर विंडीज के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट इंडीज के सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग पहले ही ओवर में मुकेश का शिकार हो गये, जबकि काइल मेयर्स तीसरे ओवर में मुकेश की गेंद पर बोल्ड होने से पहले केवल चार रन बना सके। पिछले मैच में वेस्ट इंडीज को लक्ष्य तक पहुंचाने वाले कप्तान शाई होप का विकेट गिरने के साथ विंडीज का स्कोर 17/3 हो गया।

ताश के पत्तों की तरह ढहती वेस्ट इंडीज के लिये एलिक अथानाज़, अल्ज़ारी जोसेफ़ और गुडाकेश मोती ने महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। अथानाज़ ने 50 गेंद पर तीन चौकों की सहायता से 32 रन बनाये, जबकि जोसेफ़ ने 39 गेंद पर एक चौका और दो छक्के लगाकर 26 रन की पारी खेली। मोती 34 गेंद पर 39 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि शार्दुल ने जेडेन को बोल्ड कर वेस्ट इंडीज की पारी का अंत किया। भारत और वेस्ट इंडीज अब गुरुवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 शृंखला में आमने-सामने होंगे।

## बतौर गेंदबाजी ऑलराउंडर अपनी भूमिका समझता हूं : शार्दुल

तारोबा, 2 अगस्त। शार्दुल ठाकुर भले ही भारतीय टीम में बतौर ऑलराउंडर अपनी भूमिका बखूबी समझते हों, लेकिन उनका ध्यान लोगों की वाहवाही हासिल करने पर बिल्कुल नहीं है। प्रतिभावान हरफनमौला शार्दुल ने मंगलवार को तीसरे वनडे में वेस्ट इंडीज के चार विकेट चटकाते हुए भारत की 200 रन की विशाल जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने इस सीरीज में 11.62 की औसत से सर्वाधिक आठ विकेट लिये और मात्र 5.31 की इकॉनमी से रन दिये। शार्दुल को इस सीरीज में बल्ले से अपना जौहर दिखाने का मौका नहीं मिला, लेकिन वह जानते हैं कि निचले क्रम में उनकी ज़रूरत कभी भी पड़ सकती है।

शार्दुल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में हमारी बल्लेबाजी गहरी रही है। निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाले एक ऑलराउंडर के रूप में मेरा काम महत्वपूर्ण हो जाता है। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए या एक अच्छा स्कोर खड़ा करने के लिये अगर आप तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं तो एक या दो विकेट गिर सकते हैं। अगर आपका नंबर आठ और नंबर नौ सेट बल्लेबाज के साथ योगदान दे सकता है, तो इससे मदद मिलती है। इसलिये यह भूमिका महत्वपूर्ण है।''

उन्होंने कहा, ''जब भी मुझे मौका मिलता है, मैं टीम की सफलता में योगदान देने की कोशिश करता हूं। जब भी मैं खेलता हूं तो बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या क्षेत्ररक्षण, मेरा विचार यही रहता है। जब शार्दुल से उनको योगदान के लिये मिलने वाले श्रेय पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा कि मुझ पर ध्यान है या नहीं। कौन मुझे देख रहा है, कौन नहीं। भारत के पास कई बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कई बार ऐसा होगा जब पिच स्पिनरों के लिये अनुकूल होगी , वे खेलेंगे। अगर तेज गेंदबाजों के लिये कुछ मदद है, तो मुझे इसमें योगदान देने का मौका मिलेगा।''

शार्दुल ने कहा कि टीम में खेलने का मौका मिलना इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण है कि टीम प्रबंधन उन पर भरोसा करता है। उन्होंने कहा, ''टीम को मुझसे कुछ उम्मीदें हैं, इसीलिए मुझे चुना गया है और मुझे खेलने के मौके मिल रहे हैं। यह मुझ पर टीम के विश्वास का संकेत है कि मुझे ये मौके मिल रहे हैं। हम इन्हीं मौकों का इंतजार करते हैं। अगर मैं किसी सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करता हूं तो मुझे आत्मविश्वास मिलता है, अगर नहीं कर पाता को अनुभव मिलता है। अगर आप प्रदर्शन नहीं करते हैं और इसे असफलता के रूप में देखते हैं, तो आपकी सोच गलत है।''

## इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के अंक कटे, एशेज में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

दुबई, 2 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को कहा कि उसने हाल में संपन्न एशेज श्रृंखला के दौरान धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों के अंक काटे हैं और दोनों पर मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी विज्ञप्ति में कहा कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पर निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए एक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक का जुर्माना और मैच फीस काटी गई है। पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला 2-2 से बराबर रही। आईसीसी ने कहा, ''संशोधित नियमों के तहत उन पर निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना और एक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक काटा गया है।'' डब्ल्यूटीसी चक्र 2023-25 में प्रत्येक टेस्ट जीतने पर 12 अंक और ड्रॉ होने पर चार अंक दिए जाते हैं। चौथे टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए ऑस्ट्रेलिया के 10 अंक काटे गए। मेजबान इंग्लैंड को हालांकि एशेज श्रृंखला में ज्यादा नुकसान हुआ और पांच में से चार टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए उसके 19 अंक काटे गए।

## मिथुन ने किया उलटफेर, सिंधु, प्रणय भी जीते

सिडनी, 2 अगस्त। भारत के गैर वरीयता प्राप्त शटलर मिथुन मंजूनाथ ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में बुधवार को बड़ा उलटफेर करते हुए सिंगापुर के चौथी सीड कीन यू लोह को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

विश्व रैंकिंग में 50वें नंबर पर मौजूद मिथुन ने सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 21-19, 21-19 से मात दी। मिथुन अब अगले दौर में मलेशिया के ली ज़ी जिया का सामना करेंगे।

इस बीच, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने अपने टूर्नामेंट का मज़बूत आगाज़ किया, जबकि आकर्षि कश्यप ने भी अपने से बेहतर रैंकिंग वाली खिलाड़ी को मात दी। इस सीज़न में सात अलग-अलग आयोजनों में पहले दौर में हारने वाली सिंधु ने अपने शुरुआती महिला एकल मैच में हमवतन अश्मिता चालिहा को 36 मिनट में 21-18, 21-13 से हराया। पुरुष एकल प्रतियोगिता में, श्रीकांत ने जापान के केंता निशिमोतो को 21-18, 21-17 से हराया। प्रणय ने हॉन्ग कॉन्ग के चियुक यू ली को 21-18, 16-21, 21-15 से मात दी। युवा भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने भी अपनी शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाते हुए मेज़बान देश के नेथन टैंग को 21-12, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

दूसरे दौर में प्रणय का मुकाबला चीनी ताइपे के यू जेन ची से होगा, जबकि राजावत और श्रीकांत क्रमशः ताइपे के त्ज़ु वेई वांग और ली यांग सु से भिड़ेंगे। आकर्षि ने मलेशिया की जिन वेई गोह को 21-15, 21-17 से हराया और दूसरे चरण में उनका सामना सिंधु से होगा। इस बीच, लक्ष्य सेन ने चोट के कारण हमवतन किरण जॉर्ज के खिलाफ अपना पुरुष एकल मैच छोड़ दिया। सेन शुरुआती गेम में 0-5 से पीछे थे जब उन्होंने मैच छोड़ने का फैसला किया। यह टूर्नामेंट डेनमार्क के कोपेनहेगन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आखिरी बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट है।

## दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व कप के सुपर-16 में

वेलिंगटन, 2 अगस्त। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को रोमांचक ग्रुप जी मैच में इटली को 3-2 से हराकर पहली बार फीफा महिला विश्व कप के सुपर-16 के लिए क्वालीफाई किया। यह टूर्नामेंट के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका की पहली जीत भी थी। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर अपनी टीम को यह ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए हिल्दाह मगैया (67वां मिनट) और थंबी गाटलाना (90 2) ने एक एक गोल किया। इटली की बेंडेटा ऑर्सी ने एक आत्मघाती गोल दागकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में योगदान दिया। इटली के दोनों गोल एरियाना कारुसो (11वां, 74वां मिनट) ने किए।

कारुसो ने 11वें मिनट में पेनल्टी पर गोल जमाकर इटली को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने जल्द ही लगातार हमलों के जरिए वापसी की। मैच के 32वें मिनट में ऑर्सी के आत्मघाती गोल के बाद दक्षिण अफ्रीका ने हाफ टाइम में बराबरी के साथ प्रवेश किया। दूसरे हाफ में इटली ने वापसी का प्रयास किया, लेकिन एक दर्शनीय बैकपास की सहायता से मगैया अफ्रीकी टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

कारुसो ने 74वें मिनट में गोल जमाकर इटली की कुछ उम्मीदें जगायीं लेकिन संयुक्त प्रयास की बेहतरीन मिसाल कायम करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम क्षणों में गाटलाना के गोल से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका की कोच देसरी एलिस ने भावुक आंखों से कहा, वे योद्धाओं की तरह लड़ीं। वे उन नायिकाओं की तरह लड़ीं जो हम उन्हें मानते हैं। उन्होंने न सिर्फ विश्व कप में हमारी पहली जीत हासिल करके इतिहास रचा है, बल्कि सुपर 16 में पहुंचकर भी इतिहास रचा है जो बेहद आश्चर्यजनक है। नाइजीरिया (1999, 2019, 2023) और कैमरून (2015,2019) के बाद दक्षिण अफ्रीका फीफा महिला विश्व कप के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम बन गई है। दिन के अन्य ग्रुप जी मुकाबले में, स्वीडन ने अर्जेंटीना को 2-0 से हराकर ग्रुप की शीर्ष टीम के रूप में सुपर 16 में प्रवेश किया।

## पाक को भारत में विश्व कप के लिए सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल की स्वीकृति का इंतजार

कराची, 2 अगस्त। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को 50 ओवर के विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम को भेजने की स्वीकृति मिलने की उम्मीद है लेकिन इससे पहले एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत का दौरा करेगा और अपनी स्वीकृति देगा।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने समीक्षा करने और विश्व कप में भारत के प्रतिनिधित्व पर फैसला करने के लिए एक समिति का गठन किया है। समिति विदेशी मंत्री बिलावल भुट्टो की अध्यक्षता गुरुवार को पहली बार बैठक करेगी। समिति के करीबी एक सूत्र ने बताया, ''समिति के सिफारिश करने की उम्मीद है कि एक शीर्ष स्तरीय सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के विश्व कप मुकाबलों के सभी आयोजन स्थलों का दौरा करने भारत जाएगा और सुरक्षा तथा अन्य इंतजामों की समीक्षा करेगा।'' इस 14 सदस्यीय समिति में विभिन्न मंत्रियों और सलाहकारों को जगह मिली है। इसमें विदेश मंत्री के अलावा गृह मंत्री, कानून मंत्री, अंतर प्रांतीय समन्वयक मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, कश्मीर मामलों के सलाहकार, विदेश सचिव के अलावा खुफिया एजेंसियों और अन्य संवेदनशील विभाग के प्रतिनिधि शामिल है।

सूत्र ने कहा कि सैद्धांतिक रूप से पाकिस्तान के भारत में खेलने को लेकर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन समिति आश्वासन चाहती है कि खिलाड़ियों, अधिकारियों, प्रशंसकों और मीडिया को कोई परेशानी नहीं हो। पाकिस्तान ने पिछली बार 2016 टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच 2012-13 से द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं हुआ है और पिछली टेस्ट श्रृंखला भारत में 2007 में हुई थी।

## युवाओं को मौके दे रहे है : रोहित और विराट को आराम दिये जाने पर बोले हार्दिक

तारोबा, 2 अगस्त। स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे में आराम इसलिये दिया गया ताकि विश्व कप से पहले युवा खिलाड़ियों को मौके मिल सकें। भारत ने तीन मैचो की श्रृंखला 2.1 से जीती। हार्दिक ने तीसरा वनडे 200 रन से जीतने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' विराट और रोहित टीम का अभिन्न अंग हैं। वैसे रूतुराज और अक्षर को भी मौका देना जरूरी था क्योंकि वे इतने साल से खेल रहे हैं। उन्हें पता हैं कि इस तरह की परिस्थितियों में कैसे खेलना है।'' उन्होंने कहा ,'' इसका मकसद युवाओं को मौका देना था ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अगर हमें किसी को परखना है तो उसका मौका दिया जाये।'' पहले दो मैच में नाकाम रहने के बाद हार्दिक ने तीसरे मैच में 52 गेंद में नाबाद 70 रन बनाये और उन्होंने इसके लिये कोहली को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा ,'' मैने विराट से दो दिन पहले काफी उपयोगी चर्चा की। उसने मुझे सलाह दी। वह मुझे इतने साल से खेलते देख रहे हैं।

## लारा ने गिल और किशन से कहा, तीसरी एकादश भी उतार सकता है भारत

तारोबा (त्रिनिदाद), 2 अगस्त। भारतीय क्रिकेट में युवा प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि देश की सीनियर पुरुष टीम इस समय दो नहीं बल्कि 'तीसरी एकादश' भी उतार सकती है। महान बल्लेबाजों में शामिल लारा शुभमन गिल और इशान किशन के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। भारत ने गिल और इशान के अर्धशतक से मंगलवार को निर्णायक तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज को 200 रन से हराया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर डाले गए वीडियो में लारा ने भारतीय क्रिकेटरों से बात करते हुए कहा, ''भारत मेरे लिए दूसरे घर की तरह है। मैंने हमेशा से भारत में युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सामने आते हुए देखा है।'' उन्होंने कहा, ''यहां भारतीय टीम के साथ मौजूदा प्रतिभावान खिलाड़ियों को देखकर और इस समय उनके पास जितनी सारी टीम हैं उन्हें देखकर लगता है कि वे दूसरी एकादश चुन सकते हैं और यहां तक कि तीसरी एकादश भी।''

लारा ने इशान को वेस्टइंडीज के युवा क्रिकेटरों को सलाह देने को कहा। वेस्टइंडीज की टीम के प्रदर्शन में पिछले कुछ समय में लगातार गिरावट आई है। किशन ने कहा कि वेस्टइंडीज के युवा खिलाड़ियों के पास जब लारा जैसा कोई है तो उन्हें मदद के लिए किसी और की तरफ देखने की जरूरत नहीं है। किशन ने कहा, ''मुझे लगता है कि जब बात इस खेल की आती है तो भूख सबसे महत्वपूर्ण चीज है। आप टीम, अपने लिए, अपने परिवार के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं, यहां वेस्टइंडीज में इतने सारे शानदार खिलाड़ी हैं जिनसे वे हमेशा बात कर सकते हैं, आपके जैसे लोग।'' उन्होंने कहा, ''वे आपके (लारा के) पास आ सकते हैं और इसके बारे में इस खूबसूरत अकादमी में बात कर सकते हैं, आपके अनुभवी और सभी चीजों से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। इन छोटी चीजों से युवाओं को मदद मिलेगी।'' गिल ने कहा कि लारा की प्रवाहमय बल्लेबाजी से उन्हे काफी प्रेरित किया।

लारा ने कहा कि वह इन दो युवा खिलाड़ियों को स्टेडियम या अपने नाम पर बनी अकादमी में देखकर बेहद खुश हैं। बातचीत के दौरान इशान ने कहा कि एक बार उन्हें इंस्टाग्राम पर लारा का संदेश मिला था जिससे वह स्तब्ध थे क्योंकि वह उनके दर्जे के खिलाड़ी से ऐसी उम्मीद नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज वे कहानियां हैं जो मैंने सुनी हैं, जैसे आप हमेशा लंच तक बल्लेबाजी करने की कोशिश करने थे और अगर आप पिच पर होते थे तो आप अभ्यास के लिए जाते थे और फिर दोबारा बल्लेबाजी के लिए आते थे।

# एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिये एशियाई खेलों की तैयारी को पुख्ता करने उतरेगी भारतीय टीम

चेन्नई, दो अगस्त। खिताब की प्रबल दावेदार और तीन बार की चैम्पियन भारतीय टीम यहां बृहस्पतिवार से शुरू हो रही एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिये एशियाई खेलों की अपनी तैयारी पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और यहां राधाकृष्णन स्टेडियम पर चीन के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस मैदान पर 2007 के बाद पहली बार कोई बड़ा टूर्नामेंट हो रहा है। भारत 2011 के बाद पहली बार एसीटी की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम का मकसद अपने खिलाड़ियों को आजमाना और एशियाई प्रतिद्वंद्वियों का आकलन करना होगा। एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच खेले जायेंगे। एशियाई खेलों के जरिये पेरिस ओलंपिक का सीधे टिकट मिलेगा लिहाजा भारतीय टीम एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी को हलके में नहीं लेगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों को एशियाई खेलों के लिये तरोताजा और चोटमुक्त भी रखना होगा। एशियाई खेलों से महज पांच सप्ताह पहले एसीटी के आयोजन पर टीमों ने ऐतराज जताया है लेकिन भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,''आपको मैच अभ्यास चाहिये और इसलिये खेलना जरूरी है। अच्छी बात यह है कि इसका आयोजन भारत में ही हो रहा है।'' उन्होंने कहा ,'' हम सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्ष देख रहे हैं। हमें अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी देखना होगा क्योंकि चोट किसी भी टीम या खिलाड़ी के लिये अच्छी नहीं होती।'' भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि उनकी टीम चतुराई से खेलेगी और एशियाई खेल प्राथमिकता होने के कारण अपनी तरकश के सारे तीर नहीं निकालेगी। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम इस साल भुवनेश्वर और राउरकेला में हुए विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। भारतीय टीम विश्व कप में नौवें स्थान पर रही जिसके बाद से उसने 16 मैच खेलकर नौ जीते, पांच गंवाये और दो ड्रॉ खेले। भारत चार देशों के यूरोप दौरे से लौटकर इसमें भाग ले रहा है। स्पेन के खिलाफ उसका आखिरी मैच तीन दिन पहले ही हुआ है और यहां विपरीत हालात में उसे एसीटी में चीन के खिलाफ पहला मैच खेलना है। भारतीय टीम को अपने पेनल्टी कॉर्नर पर खास ध्यान देना होगा। हरमनप्रीत, वरूण कुमार, अमित रोहिदास और जुगराज सिंह जैसे ड्रैग फ्लिकरों के होते हुए भारत का पेनल्टी कॉर्नर तब्दीली का औसत बहुत खराब रहा है। कोच फुल्टोन ने हालांकि कहा ,'' हमारे पास विश्व स्तरीय पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ हैं। विरोधी टीमों को भी इसका पता है और वे पेनल्टी कॉर्नर गंवाने से बचने पर फोकस करती है। हम पेनल्टी कॉर्नर बनाने और उन्हें भुनाने पर फोकस करेंगे। प्रदर्शन में सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है।'' एसीटी में भारत ने 2011, 2016 में खिताब जीता और 2018 में फाइनल बारिश में धुलने के कारण पाकिस्तान के साथ संयुक्त विजेता रही। भारत ने 2012 में रजत और 2021 में कांस्य पदक जीता था। दूसरी ओर चीन का यह इस साल का पहला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है। पहले दिन अन्य मैचों में पाकिस्तान का सामना मलेशिया से और दक्षिण कोरिया का जापान से होगा।